सांकेतिक सम्प्रेषण प्रतियोगिता

sanketik sampreshan

COMPETITION

हिंदी दिशानिर्देश

प्रस्तावना

“भारतीय साइन िंग्वेज (आईएसएि) को दि भर में मानकीकृ त शकया जाएगा, और राष्ट्रीय और राज्य पियक्रम सामग्री शवकशसत की जाएगी, जो बशधर शवद्याशथणयों द्वारा उपयोग की जाएगी। जहाँुसंभव और प्रासंशगक हो वहाँुस्थानीय सांके शतक भाषाओं का सम्मान शकया जाएगा और उिें शसखाया जाएगा।“ (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अध्याय 4, बिंदु संख्या 4.22, पृष्ठ 16).

विचार और भाव केवल शाब्दिक अर्थ नहीं होते, इससे कहीं अधिक होते हैं। हमारे द्वारा पढ़ा गया प्रत्येक शब्द हमारे अंदर एक विचार एक भावना एक स्मृति या एक दृश्य कल्पना को जगाता हैं। भारतीय कलाओं और ललित कलाओं में गूढ़ और जटिल विचारों के रागात्मक भाषेतर संचार का लंबा इतिहास रहा है। भारतीय लोक कलाँए संम्प्रेषण विचारों की ऐसी ही भाषेतर एवं रागात्मक अभिव्यक्तियों का उदाहरण हैं। भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) के मानकीकरण के संदर्भ में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (रा.शैं.अ.प्र.प.) भारत के कल्पनाशील युवा मन/मस्तिष्क को यह रचनात्मक अभिव्यक्ति साझा करने के लिए आमंत्रित करता है, कि ‘शब्द’ उनके लिए क्या मायने रखता हैं।

यह प्रतियोगिता उन सभी भारतीयों के लिए खुली है जो या तो कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र है, महाविधालय के छात्र है, या किसी संकाय के सदस्य के रुप में कार्यरत है। रा.शैं.अ.प्र.प. ISL शब्दकोश को समृद्ध करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। बिना किसी मौखिक या टंकित अंश/ घटको के दृश्य रुप में दर्शाने हेतु 200 से अधिक शब्दों की एक सूची बनाई गई हैं।

शब्दों को दृष्टिगत रुप से दो श्रेणी के माध्यमों से दर्शाया जा सकता हैं –

A. **कला संयोजन**
B. **प्रदर्शन कला के वीडियो क्लिप**

दोनों प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है, प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाता हैं कि अपने अध्ययन क्षेत्र की परवाह किए बिना दोनों श्रेणियों में आवेदन करें ।

कला संयोजन दिशानिर्देश

प्रतियोगिता के लिए 200 से अधिक शब्द प्रदान किए गए हैं। लोक कला से प्रोत्साहन लेते हुए आपको चुने गये शब्द की एक दृश्य व्याख्या बनाने की आवाश्यकता है ।

A.1 कलाकृति के लिए निम्नलिखित आवाश्यकताएं हैं –

1. अपेक्षा की जाती है कि कलाकृति आपके द्वारा चुने गए शब्द के अर्थ को संप्रेषित करने में सक्षम हों
2. कला रचनाएं भौतिक माध्यमों (चित्रकारी, ड्रॉइग, कोलाज आदि) या डिजिटल माध्यमों (फोटोग्रॉफी को छोड़कर सभी ग्रॉफिक डिजाइन संयोजन अमूर्त- चित्र आदि) में बनाई जा सकती है ।
3. प्रत्येक प्रतिभागी को कम से कम 1 शब्द की दृश्य व्याख्या प्रस्तुत करनी होगा । शब्द व्याख्या के लिए आपके द्वारा चुने गए शब्दों की संख्या के लिए कोई ऊपरी / सीमा नहीं है। आप चाहें तो सभी शब्दों के लिए प्रविष्टियां जमा कर सकते है। प्रत्येक प्रविष्टि अलग से भेजनी होगी ।

A 2. मूल्यांकन मापदंड

प्रतियोगिता में प्रस्तुत कलाकृति का मूल्यांकन कलात्मक अभिव्यक्ति के निम्नलिखित तत्वों के आधार पर किया जाएगा ।

1. प्रविष्टि दर्शक तक शब्द की व्याख्या को स्पष्टता के साथ संप्रेषित कर पाए ।
2. प्रविष्टि का आंकलन दृश्य की सादगी और मौलिकता के आधार पर किया जाएगा ।
3. प्रविष्टि का मूल्यांकन कलात्मक रचना की गुणवत्ता और समग्र प्रभाव के आधार पर किया जाएगा।
4. **प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि से संबधित अपने विचारों का 25-30 शब्दों में वर्णन करें ।**
5. प्रविष्टि में कोई भी टेक्स्ट (शब्द, अक्षर, भाषा, आलेख) नहीं होना चाहिए ।
6. प्रविष्टि की गुणवत्ता (सामाग्री की अनुपयुक्तता और कॉपीराइट उल्लंघन) के आधार पर रा.शैं.अ.प्र.प. को प्रविष्टि अस्वीकार करने का अधिकार होगा ।

A.3. यदि प्रतिभागी भौतिक प्रविष्टि (हार्ड कॉपी) भेजता है, तो इसे निम्नलिखित आवाश्यकताओं को पूरा करना होगा –

1. प्रविष्टि का न्यूनतम आकार A4 होना चाहिएं । प्रविष्टि A3 / हाफ् इम्पीरियल के आकार की शीट से बड़ी नहीं होनी चाहिए ।
2. केवल द्वि-आयामी कलाकृतियां ही स्वीकार की जाती है ।
3. **कृप्या भौतिक प्रविष्टियों के पृष्ठभाग में / पिछले पृष्ठ पर विधिवत भरी हुई भागीदारी प्रपत्र (Form) चिपकाना / संलग्न करना न भूले ।**

   a) भरा हुआ प्रपत्र/ फॉर्म स्पष्ट रुप से पढ़ने योग्य / पठनीय होना चाहिए ।

   b) भागीदारी प्रपत्र/ फॉर्म पर संस्थान के प्राचार्य / प्रमुख / डीन के हस्ताक्षर होने चाहिए साथ ही जिस संस्थान में आप वर्तमान में पढ़ रहे हैं, उस संस्थान के विघालय / महाविघालय की मुहर लगी होनी चाहिए ।

A4.- यदि प्रविष्टि डिजिटल छवि के रुप में है, तो इसे निम्नलिखित मानदंडो को पूरा करना होगा –

1. प्रस्तुत की गई प्रत्येक फाइल jpeg प्रारुप में होनी चाहिए। प्रत्येक फाइल का आकार अधिकतम 2.5 MB (1920x1080px) की हो ।
2. अपनी प्रविष्टियों की फाइलों को निम्नलिखित तरीके से लेबल करें – व्याख्या के लिए चुना गया शब्द, कक्षा / वर्ष, पूरा नाम, माध्यम । कुछ उदाहरण निम्नलिखित है –

- Flower_class11_KartikKumar_sketch.jpg

- Pizza_year2_KanikaGupta_photomanipulation.jpg
- Umbrella_schoolfaculty_RevaDubey_collage.jpg
- careless_collegefaculty_RehanHasan_oilpainting.jpg

3. फाइल नाम में #, $, &, अवधियों या इस तरह के अन्य वर्ण शामिल नहीं हो सकते हैं।
4. **वॉटरमार्क युक्त प्रविष्टियां न भेजें।**
5. भौतिक कलाकृतियों को डिजिटल रुप से भी भेजा जा सकता हैं, इन्हे स्पष्ट डिजिटल स्कैन या स्पष्ट छवियों के रुप में भेजने की आवाश्यकता हैं।
6. फ्रेमयुक्त कलाकृतियां वाली फोटो न भेजें।
7. **कृप्या भागीदारी प्रपत्र (Form) की विधिवत भरी हुई प्रति ई-मेल (email) के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें।**
   a) आप भौतिक रुप से भरे हुए फार्म या प्रपत्र/ फॉर्म को स्कैन करके ई-मेल (email) के साथ संलग्न कर सकते हैं। भरे हुए फॉर्म/ फॉर्म का स्कैन स्पष्ट रुप से पढ़ने योग्य होना चाहिए।
   b) प्रपत्र पर आपके वर्तमान संस्थान ; विघालय / महाविघालय की मुहर के साथ संस्थान के प्राचार्य / प्रमुख / डीन के हस्ताक्षर आवाश्यक हैं।

प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि

प्रविष्टियां 3 जनवरी 2022 23:59 तक ही स्वीकार की जाएगी।

प्रविष्टि कैसे जमा करें

प्रविष्टियां कई माध्यमों से भेजी जा सकती है –

1. आप हमें ncert.events@ciet.nic.in पर ई-मेल (email) कर सकते हैं।
2. कलाकृति की हार्ड – कॉपी / मूल कलाकृतियां निम्लिखित पते पर भी भेज सकते हैं।
   Head MPD, CIET, NCERT
   Sri Aurobindo Marg
   New Delhi
   110016
3. **एक ही कलाकृति के लिए एकाधिक प्रविष्टियाँ न भेजें।**

<u>वीडियोक्लिप दिशानिर्देश</u>

प्रतियोगिता के अंतर्गत 200 से अधिक शब्द दिए गये हैं। प्रतिभागी को अपनी पसंद की प्रदर्शन कलाओं के माध्यम से चुने गये शब्दों की एक दृश्य व्याख्या बनानी होगी ।

<u>B.1.- प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित आवाश्यकताएं है</u>

1- वीडियो में प्रदर्शन आपके द्वारा चुने गये शब्द के अर्थ को संप्रेषित करने में सक्षम हो ।

2- **एक वीडियों 70 सेकंड से अधिक लंबा नहीं होना चाहिएं, और इसमें कोई संगीत / ऑडियो ध्वनि नही होनी चाहिएं।** सभी वीडियो फ़ाइलों का आंकलन उनके दृश्य सामाग्री के आधार पर ही किया जाएग। यदि वीडियों में शोर /ध्वनियां/ ऑडियो है तो प्रविष्टि स्वीकार तो की जाएगी लेकिन मूंल्यांकन के लिए इन घटकों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

3- वीडियो में प्रदर्शन करने वाला/वाली केवल एक व्यक्ति ही होना चाहिए। फ़िल्मांकन पर्याप्त प्रकाश के साथ अच्छे / बेहतर स्टूडियों स्थतियों के साथ किया गया हो । ध्यान भटकने से बचने के लिए बैकग्रॉउड/ पृष्ठक / पृष्ठभूमि सादा या हल्के रंग का होना चाहिएं।

4- विडियो प्रविष्टि केवल शरीर के उपरी भाग (कमर से उपर) तक सीमित रहना चाहिएं। कपड़े बहुत चमकीले /चमकदार नहीं होने चाहिए।

5- वीडियों में प्रतिभागी का धड़ (सिर से कमर तक) स्पष्ट रुप से वीडियों के मध्य में दिखना चाहिए, कैमरे को इस तरह से रखे कि प्रतिभागी स्पष्ट रुप से दिखे तथा उसके आस-पास उचित स्थान हो ।

6- वीडियों में दृश्य प्रस्तुति के दौरान एक समय में एक ही शब्द होना चाहिए। जैसे यदि शब्द Food है तो Food को दर्शाने के लिए केवल एक ही हाव - भाव का प्रयोग किया जाना चाहिए, लेकिन प्रविष्टि ऐसी होनी चाहिए कि शब्द के अर्थ वाली भाव- भंगिमा के बाद यदि आवश्यकता है तो वर्णन शामिल किया जा सकता हैं।

7- किसी भी तरह की मंच सज्जा सामाग्री / सज्जा सामाग्री का उपयोग न करें। मंच सज्जा सामाग्री का उपयोग वर्जित हैं।

8- प्रत्येक प्रतिभागी को नृत्य या अशाब्दिक नाटकीयता के माध्यम से **कम से कम** 1 शब्द की दृश्य व्याख्या प्रस्तुत करनी होगी । प्रविष्टियों की कोई ऊपरी सीमा / अधिकतम संख्या नहीं है। **आप सभी शब्दों के लिए प्रविष्टियां भेज सकते हैं। प्रत्येक प्रविष्टि अलग-अलग भेजनी होगीं।**

<u>B 2- मूंल्यांकन मापदंड</u>

प्रविष्टि दर्शक तक शब्द की व्याख्या को स्पष्टता के साथ संप्रेषित कर पाए । वीडियों क्लिप की सामग्री आपके द्वारा चुने गये शब्द के अर्थ को संप्रेषित करने में सक्षम हो । प्रविष्टियों का मूल्यांकन निम्नलिखित कलात्मक अभिव्यक्ति के आधार पर किया जाएगा ।

1- शब्द की स्पष्टता और व्याख्या ।

2- चयनित शब्द के संदर्भ में रचनात्मकता और मौलिकता एवं कल्पनादृष्टि ।

3- वीडियो संरचना की गुणवत्ता और प्रसंग के आधार पर समग्र डिज़ाइन और वीडियो का समग्र प्रभाव ।

4- पारंपरिक हाव-भाव स्वीकार्य है भारतीय पांरम्परिक प्रदर्शन कला के विभिन्न प्रारुपों / माध्यमों जैसे संगीत, लोककला, रंगमंच आदि में शब्दों को चित्रित करने के लिए कई प्रकार के पारंपरिक 'अंग सचालन' या 'हस्त मुद्रा' हैं। इनका प्रयोग स्वीकार किया जाएगा ।

5- वीडियो को प्रतिभागियों के परिवेश एवं पृष्ठभूमि के आधार पर नहीं आंका जाएगा हालांकि वीडियो में पूरी तरह से दृश्य स्पष्टता होनी चाहिए, जिसमें ध्यान भंग करने वाली पृष्ठभूमि, कपड़ो या आभूषणों जैसी सामग्री न हो।

6- प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि से संबधित अपने विचारों का 25-30 शब्दों में वर्णन करें ।

7- प्रविष्टि की गुणवत्ता (सामग्री की अनुपयुक्तता और कॉपीराइट उल्लंघन) के आधार पर रा.शैं.अ.प्र.प. को प्रविष्टि अस्वीकार करने का अधिकार होगा ।

8- सभी वीडियों प्रविष्टियां केवल डिजिटल माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी ।

B3-वीडियो प्रविष्टियों को जमा करने से पहले निम्नलिखित आवश्यकताओं पर ध्यान देना ज़रुरी है–

1. वीडियों केवल MOV,MP4,M4V,WMV, या अन्य आसान / सुलभ प्रारुप में ही स्वीकार्य होगा जमा की गई प्रत्येक फाइल अधिकतम 25 MB (720 p) की ही होनी चाहिए ।
2. अपनी प्रविष्टियों की फाइलों को निम्नलिखित तरीके से लेबल करे –
   - flower_class11_kartik_Kumar_kathakdance.M4V
   - pizza_year2_kanika_dramatics.WMV
   - umbrella_class12_kanishk_kaur_nrityabhaav.MOV
3. फाइल के नाम में #, $,&, periods / अवधियों या इस तरह के चिन्हों का प्रयोग नहीं किया जा सकता हैं।
4. **कृप्या भागीदारी प्रपत्र (Form) की विधिवत भरी हुई प्रति ई-मेल (email) में संलग्न करना न भूले ।**
   a) आप भरे हुए प्रपत्र / फॉर्म को स्कैन करके ई-मेल (email) के साथ संलग्न कर सकते है । भरे हुए फॉर्म का स्कैन स्पष्ट रुप से पढ़ने योग्य होने चाहिए।
   b) प्रपत्र / फॉर्म पर आपके अपने संस्थान विघालय /महाविघालय की मुहर के साथ संस्थान के प्राचार्य / प्रमुख / डीन के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।

प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि

प्रविष्टियां 3 जनवरी 2022 23:59 बजे तक ही स्वीकार की जाएगी ।

प्रविष्टियाँ कैसे जमा करें

आप हमें ncert.events@ciet.nic.in पर ई-मेल (email) कर सकते हैं।

सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों की राष्ट्रीय मान्यता

पूरे भारत से ऐसी पच्चीस सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा, जिनकी कलाकृतियाँ या वीडियो में सर्वश्रेष्ठ दृश्य व्याख्या होगी।
सभी विजोताओं को विशेष योग्यता प्रमाण पत्र दिए जाएंगे ।
एक बार जमा की गई सभी प्रविष्टियां रा.शैं.अ.प्र.प. की संपत्ति बन जाएंगी।

कुछ चयनित कार्यों को PMe VIDYA, DTH टेलीविजन चैनलों, रा.शैं.अ.प्र.प. के आधिकारिक यूट्यूब चैनलों, DIKSHA और JioTV App पर प्रसारित किया जा सकता है। प्रसारित कार्यों के साथ प्रतिभागी के नाम का उल्लेख किया जाएगा ।

पात्रता

प्रतिभागी कक्षा 9-वीं से 12-वीं तक का छात्र / छात्रा होना चाहिए या किसी विघालय / महाविघालय में नामांकित होना चाहिए। प्रतिभागी कक्षा 9वीं से 12 वीं या किसी विघालय या महाविघालय का कर्मचारी या संकाय सदस्य भी हो सकता है।

कॉपीराइट / स्वत्वाधिकार

सभी प्रविष्टियों पर कॉपीराइट / स्वत्वाधिकार NCERT (रा.शैं.अ.प्र.प.) का होगा, जिससे इसका उपयोग NCERT (रा.शैं.अ.प्र.प.) के आधिकारिक प्रकाशनों में आवश्यकतानुसार किया जा सकता है ।

पृष्ठभूमि के लिए किसी भी ऐसी स्टॉक छवियों / तत्वों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए, जिससे कॉपीराइट अधिकार का उल्लंघन हो ।

यदि प्रमाणिकता या कॉपीराइट उल्लंघन से संबधित कोई भी प्रश्न उठता है, तो इसकी पूर्ण ज़िम्मेदारी प्रतिभागी की होगी ।

सांकेतिक सम्प्रेषण प्रतियोगिता 2021-2022
भागीदारी प्रपत्र

- कृप्या फार्म बड़े अक्षरों (**BOLD LETTERS**) में भरें।
- प्रविष्टियां जमा करने के लिए यह प्रपत्र या इसके फोटोकॉपी का प्रयोग / उपयोग कर सकते है।
- भौतिक प्रविष्टियों के मामले में, प्रत्येक प्रविष्टि के लिए अलग- अलग प्रपत्रों का उपयोग करें। प्रपत्र प्रविष्टि के पिछले भाग के साथ चिपकाएं।
- ई-मेल द्वारा जमा की गई डिजिटल प्रविष्टियों के मामले में, प्रत्येक ई-मेल में एक प्रपत्र अवश्य संलग्न करें। (यदि आप एक से अधिक प्रविष्टि भेज रहे हैं, तो प्रत्येक प्रविष्टि के साथ एक भरा हुआ भागीदारी प्रपत्र अवश्य संलग्न करें)

प्रतिभागी का विवरण

पूरा नाम: ____

जन्मतिथि (Day/Month/Year): __________ (दिन) __________ (महीना) ______________ (वर्ष)

संचार के लिए पता: ____

____

फ़ोन ____

ई-मेल ____

विघालय / संस्थान का नाम: ____

प्रविष्टि का प्रकार (एक पर टिक ✓ करें) ☐ कला संयोजन दिशानिर्देश ☐ वीडियोक्लिप दिशानिर्देश

मै प्रमाणित करता हूँ कि यह मेरी मौलिक रचना / कृति है । मैंने दिशानिर्देशों को पढ़ और समझ लिया है और मैं NCERT (रा.शै.अ.प्र.प.) को मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गये प्रविष्टि का मुझे सूचना के या बिना सूचना के साथ, जैसा भी उचित समझा जाए उपयोग करने की अनुमति प्रदान करता/ करती हूँ ।

प्रतिभागी के हस्ताक्षर

संस्थान के लिए पावती

यह प्रमाणित किया जाता है, कि मास्टर / सुश्री ______________________________ इस विघालय की कक्षा ______________________________ के संकाय / संकाय के छात्र हैं।. मैंने प्रतियोगिता के सभी नियमों और विनियमों को पढ़ लिया है और उन्हें प्रतिभागी को समझा दिया है। वह / प्रतिभागी और विघालय प्रतियोगिता के सभी नियमों का पालन करने के लिए सहमत हैं। मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि इस प्रतियोगिता के लिए प्रस्तुत किए कार्य उनका मौलिक प्रमाणिक कार्य हैं। मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि पोस्टर, फोटोग्रॉफ और वीडियो क्लिप की सामाग्री अश्लील नहीं है या इस से किसी समूह के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का इरादा नहीं हैं। मैंने यह भी सुनिश्चित किया है कि संलग्न प्रपत्र में उसके / प्रतिभागी द्वारा दर्ज किया गया विवरण सही है।

(प्राचार्य / प्रमुख / डीन के हस्ताक्षर) संस्थान की मुहर